THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) to (c) It is reported that the Andhra Pradesh Government has directed the Andhra Pradesh State Electricity Board (APSEB) to invite offers for development of wind power generation with involvement of private sector, and that offers have been received by them for projects in the districts of Anantapur, Nellore, Cuddapah and Chittore. No specific proposal with participation of private sector has been received by the Government of India from Andhra Pradesh State Electricity Board (APSEB).

मध्य प्रदेश में निर्धूम चूल्हों और जैव-गैस संयंत्रों की स्थापना

466. **श्री अजीत जोगी:**
चौधरी हरि सिंह:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत् दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में स्थापित किये जैव-गैस संयंत्रों और निर्धूम चूल्हों की, वर्ष-वार, संख्या कितनी है;

(ख) इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि स्वीकृत, संवितरित तथा व्यय की गई है;

(ग) क्या सरकार चालू वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश में ऐसे संयंत्र स्थापित करने तथा चूल्हे लगाने का विचार रखती है;

(घ) मध्य प्रदेश को इस प्रयोजनार्थ कितनी राजसहायता, कितना अनुदान अथवा कितनी सहायता राशि प्रदान की गई है; और

(ङ) इस प्रकार की राज-सहायता, अनुदान और सहायता प्रदान करने हेतु क्या प्रक्रिया अपनायी जाती है?

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्यमंत्री तथा कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) और (ख) सूचना विवरण में दी गई है। (नीचे देखिए)

(ग) जी, हां।

(घ) मध्य प्रदेश राज्य को अप्रैल, 1992 से जनवरी, 1993 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना और राष्ट्रीय उन्नत चूल्हा कार्यक्रम के अंतर्गत क्रमशः कुल लगभग 1.54 करोड़ रुपए और 51.64 लाख रुपए की राशि निर्मुक्त की गई है।

(ङ) राज्य नोडल विभाग और अभिकरण को अनुमोदन दरों और मानदंडों के अनुसार राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के वास्ते केन्द्रीय आर्थिक सहायता और अन्य प्रोत्साहनों के लिए निधि-निर्मुक्त की जाती है जो कि पारिवारिक आकार के बायोगैस संयंत्रों, सामुदायिक, संस्थागत तथा विष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्र कार्यक्रम और राष्ट्रीय उन्नत चूल्हा कार्यक्रम की जरूरत पूरी करती है।

विवरण

मध्य प्रदेश राज्य में वर्ष 1990-91 और 1991-92 के दौरान स्थापित पारिवारिक आकार के बायोगैस संयंत्रों, सामुदायिक, संस्थागत और विष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्रों तथा उन्नत चूल्हों की संख्या और राज्य नोडल विभाग/अभिकरण को स्वीकृत राशि को दर्शाने वाला विवरण

कार्यक्रम	स्थापित युक्तियों की संख्या		राज्य नोडल विभाग/ अभिकरण के लिए 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान स्वीकृत राशि (करोड़ रुपयों में)
राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना	3,684*	4,135*	2.48
सामुदायिक, संस्थागत तथा विष्ठा आधारित बायोगैस संयंत्र कार्यक्रम	8	2	0.07
राष्ट्रीय उन्नत चूल्हा परियोजना	1,60,066	1,60,666	2.51

* इसके अलावा, खादी ग्रामोद्योग आयोग ने भी मध्य प्रदेश राज्य में 1990-91 और 1991-92 के दौरान पारिवारिक आकार के बायोगैस संयंत्र स्थापित किए हैं।